हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 7 जून 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 जामगांव आर व कुम्हली में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के ...



13 बच्चों और ग्राम पंचायत की संयुक्त पहल से ...





## खबर संक्षेप

### व्यापारी से मारपीट, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** गुण्डरदेही के बुधवारी बाजार में बाहर से आए एक व्यक्ति ने मनियारी दुकान लगाकर व्यापार कर रहे एक व्यक्ति से मारपीट कर दी। जिसके बाद उक्त व्यापारी ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुशल कुमार ने बताया कि बुधवार को बुधवारी बाजार मनिहारी की दुकान लगा रहा था। इस दौरान पुरानी रंजीश को लेकर दुर्ग निवासी गोपाल देवांगन आया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट की तथा पत्थर से सिर को मारा।

### कार को नुकसान पहुंचाने की घटना, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** खुले मैदान मे रखे कार के पीछे का पहिया जला हुआ होने व एक पहिए का पंचर होने के बाद महिला ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बालोद थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपी को पकड़ कर मामले की जांच की मांग की है। पुलिस के अनुसार आमापारा निवासी पायल ने बताया कि कम्पयूटर इस्टीट्यूट आमापारा के सामने खड़ी कार के पहिए को अज्ञात आरोपी ने जला दिया। इस मामले मे बालोद थाने मे अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पायल ने बताया कार को उसके पति ने 3 जून को कम्प्यूटर इस्टीट्यूट आमापारा के सामने खाली जगह मे खड़ी की थी। 4 जून को सुबह देखी तो कार का एक पहिया पंचर हो गया था। पीछे का पहिया जल गया था।

### शासकीय पॉलिटेक्निक दुधली में डिप्लोमा प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**बालोद।** शासकीय पॉलिटेक्निक दुधली, बालोद में सत्र 2025–26 के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। शासकीय पॉलिटेक्निक दुधली के प्राचार्य ने बताया कि संस्थान में सिविल इंजीनियरिंग, इलेट्रिकल इंजीनियरिंग एवं माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इच्छुक अभ्यार्थी वेबसाईट पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण का पंजीयन 11 से 15 जून तक तथा प्रवेश प्रक्रिया 21 से 24 जून तक संपन्न किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय चरण का पंजीयन 26 से 29 जून तक तथा प्रवेश 05 से 08 जुलाई तक होगा। इसी तरह तृतीय चरण का पंजीयन 10 जुलाई से 13 जुलाई तक तथा प्रवेश प्रक्रिया 19 से 22 जुलाई तक होगा। इसके अलावा शासकीय पॉलिटेक्निक बालोद में बालक छात्रवास की सुविधा भी उपलब्ध है।

### सर्व समाज संगठन की जिला स्तरीय बैठक 8 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन जिला बालोद के विस्तार के लिए संगठन की बैठक आठ जून रविवार दोपहर 1 बजे झलमला बालोद में रखी गई है। जिसमे समस्त समिति का चुनाव किया जाएगा। संगठन के बालोद जिला अध्यक्ष तेजराम देशमुख ने कहा है कि बालोद जिला के प्रत्येक समाज से कम से कम 3 सदस्य एक बजे उपस्थित हो। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्य सगठन एवं महिला समिति औऱ युवा समिति के पदाधिकरियों का चयन किया जाएगा। तेजराम देशमुख ने बताया कि संगठन को और अधिक मजबूती देने विस्तार किया जा रहा है। आयोजन में प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा बालोद जिले के सभी समाज के प्रमुखों को भी इसमें आमंत्रित किया गया है। समाज के संरक्षक सदस्यगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

### चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** ढाबा के पास खड़े कंटेनर वाहन की चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे चोरी की गई कंटेनर बरामद किया गया है।

---

**बैठक : बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश**

# वर्षा से पहले बाढ़ और आपदा प्रबंधन के लिए कलेक्टर ने कसी कमर

**जिले में वर्षा ऋतु को लेकर बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की तैयारी पूर्ण करें - कलेक्टर मिश्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले में वर्षा ऋतु के दौरान अतिवृष्टि, बाढ़ एवं आपदा के अलावा इस दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंध समिति की बैठक लेकर अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों से बारी–बारी से जानकारी लेकर उनके विभागों के द्वारा बाढ़ नियंत्रण आपदा प्रबंधन हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु का आगमन शीघ्र होने वाला है। इसके फलस्वरूप समय रहते बाढ़ नियंत्रण आपदा प्रबंधन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

मिश्रा ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदारों सहित राजस्व विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा बाढ़ नियंत्रण आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों को किसी भी अपात स्थिति से निपटने हेतु पूरे समय मुस्तैद एवं सजग रहकर अपने निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिससे की इस दौरान जरूरतमंद एवं प्रभावित लोगों को तत्काल मदद उपलब्ध कराई जा सके। इनकी रही उपस्थिति बैठक में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, नूतन कंवर एवं अजय किशोर लकरा सहित जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सेनानी नगर सेना, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।



**बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश**

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले में स्थापित जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक को सार्वजनिक करने के अलावा इसे 24 घण्टे क्रियाशील रखने तथा पूरे समय ड्यूटी में तैनात अधिकारी–कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के प्रत्येक तहसीलों में तत्काल जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर इसे 24 घण्टे क्रियाशील रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में वर्षामापी यंत्रें की समुचित उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी लेते हुए सभी राजस्व निरीक्षक सर्कलों में अनिवार्य रूप से वर्षामापी यंत्रें की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मिश्रा ने वर्षा ऋतु के दौरान आम जनता को अत्यधिक वृष्टि एवं बाढ़ के अलावा आकाशीय बिजली, जल जनित एवं मौसमी बीमारियों तथा सर्पदंश आदि से बचाव के संबंध में समुचित जानकारी प्रदान करने के निर्देश भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने इन सभी जानकारियों का समुचित प्रचार–प्रसार करने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने जिले के सभी राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस दौरान किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति निर्मित हो जाने पर प्रभावित लोगों को बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन तथा आरबीसी 6/4 के तहत तत्काल मदद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने तहसील स्तर पर गठित की जाने वाली कंट्रोल रूम का नंबर भी समुचित प्रचार–प्रसार करने को कहा।

मिश्रा ने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को वर्षा के दौरान शीघ्र जल भराव वाले संवदेनशील नदी–नालों का नियमित रूप से जाँच कर इन नदी–नालों में समय पूर्व बचाव एवं सुरक्षा के समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को नदी–नालों एवं खेतों के किनारे स्थित स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर इन स्थानों में स्कूलों एवं आंगनबाड़ी के संचालन पर तत्काल रोक लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने वर्षा ऋतु के दौरान जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जरूरतमंद लोगों के लिए न्यूनतम 01 क्विंटल अनाज की अनिवार्य रूप से उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य के दुकानों में जून से अगस्त माह तक के 03 माह के लिए राशन भंडारण करने की भी जानकारी दी।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने वर्षा ऋतु के दौरान जिले में आम जनता के लिए शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु की गई तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को समुचित तैयारी करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी पानी टंकी, कुएं आदि जल प्रदाय के सभी स्त्रेतों का अनिवार्य रूप क्लोरिनेशन करने को कहा। इसके अलावा वर्षा ऋतु के दौरान शाक–सब्जी, फल, हॉटल, ठेले आदि में बिकने वाली खाद्य पदार्थों आदि का नियमित रूप से जाँच करने के निर्देश भी दिए। जिससे आम जनता को ताजे एवं शुद्ध खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और बीमारियों की रोकथाम हो सके।

**बाढ़ व आपदा से निपटने नगर सेना को तैयार रहने के निर्देश**

मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वर्षा ऋतु के दौरान जिले के सभी चिकित्सालयों में दवाईयों की समुचित उपलब्धता के अलावा पूरे समय चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के चिकित्सालयों में सर्पदंश से बचाव हेतु समुचित मात्र में एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। मिश्रा ने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को बारिश के दौरान पशुओं में होने वाली बीमारियों की समय पर इलाज हेतु समय रहते दवाइयां आदि सभी आवश्यक चीजों का प्रबंध करने के निर्देश दिए। जिला सेनानी नगर सेना को बाढ़ एवं आपदा से उत्पन्न परिस्थिति से निपटने नाव, गोताखोर आदि की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिला सेनानी नगर सेना को समय रहते सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश देने के निर्देश दिए।

---



## बालोद में भारी वाहन ने बछड़े को टक्कर मारी, मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में बेलगाम दौड़ रहे भारी वाहन जिला मुख्यालय से नयापारा बायपास रोड परएक बछड़ा को ठोकर मार दी जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गायों का झुण्ड मृत बछड़े के आस पास एकत्रित हो गया। गाय मृत बछड़े को घेरे बहुत देर तक खड़ी रही। इस मर्म स्पर्शी दृष्य देख लोगों के रौंगटे खड़े हो गए। शाम लगभग 5 बजे एक भारी वाहन ने एक बछड़ा को टक्कर मार दी। जिससे उसके पैर पर गंभीर चोट लगी और सीना पर अंदरूनी चोट लगी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गया। आपको बता दें कि जिला मुख्यालय में अवैध रूप से मिट्टी और मुरूम की फीलिंग करने को लेकर परिवहन हो रही है,।यह नयापारा से बघमरा रोड पर विनय टॉकीज रोड पर यहा घटना हुई है।

### युवक से 20 पौवा देशी प्लेन बरामद

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 20 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों में चल रहे संदिग्ध गतिविधियों, अवैध शराब, जुआ, सट्टा के संचालन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत 4 जून को धान फड़ के सामने ग्राम घुघवा साल्हे में अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना पर रेड कार्रवाई किया गया।

## युक्तियुक्तकरण से तरौद स्कूल को मिली नई दिशा शिक्षकों की नियुक्ति से ग्रामीणों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्कूलों में शिक्षकों की कमी और संसाधनों के असमान वितरण की समस्या को दूर करने मे सरकार की युक्तियुक्तकरण की पहल अब रंग दिखाने लगी है। विकासखण्ड के ग्राम तरौद में स्थित शासकीय हाईस्कूल विगत दो सालों से शिक्षकों की कमी से जूझ रहा था।



इस स्कूल में लगभग 60 छात्र–छात्रएं अध्ययनरत हैं, लेकिन स्कूल में केवल एक ही शिक्षक की पदस्थापना होने के कारण बच्चों को पढ़ाई में कई समस्याएं आ रही थी। एकमात्र शिक्षक के भरोसे स्कूल चलाना न केवल बच्चों के भविष्य के लिए हानिकारक था, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी गहरा प्रभाव डाल रहा था। लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में युक्तियुक्तकरण की पहल ने इस स्कूल में बेहतर शिक्षा हेतु एक नई उम्मीद की किरण जगाई है। हाल ही में इस स्कूल में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत विभिन्न विषयों के चार नए शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। जिससे न केवल स्कूल में पढ़ाई के स्तर में सुधार होगा, बल्कि इससे स्कूली विद्यार्थियों, पालकों, ग्रामीणों और स्कूल समिति के सदस्यों में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा कराया है। ग्राम तरौद के शासकीय हाईस्कूल इसका एक जीवंत उदाहरण है।

पहले जहां एक शिक्षक को सभी कक्षाओं और विषयों को पढ़ाने की जिम्मेदारी थी, वहीं अब चार शिक्षकों की नियुक्ति से न केवल शिक्षण कार्य में सहजता आएगी बल्कि बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाएगी। इस बदलाव से यहाँ पढ़ने वाले विद्यार्थियों के पालक, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी सहित स्कूल की जनभागिदारी समिति के सदस्य उत्साहित हैं।

**जनभागीदारी समिति ने सरकार की पहल को सराहा**

उन्होंने युक्तियुक्तकरण की इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम बताया है। सरपंच धर्मेंद्र कुमार रामटेके ने कहा कि पहले स्कूल में एक ही शिक्षक होने के कारण बच्चों की पढ़ाई ठीक से नहीं हो पा रही थी। हमें अन्य स्कूलों से शिक्षक संलग्न कराने शिक्षा विभाग से सम्पर्क करना पड़ता था, गांव के ही पढ़े लिखे युवाओं को शिक्षक के रूप में जिम्मेदारी निभानी पड़ती थी। लेकिन अब चार शिक्षकों की नियुक्ति से स्कूल में नई जान आ गई है। स्कूल की जनभागिदारी समिति अध्यक्ष महेश्वरी ठाकुर ने कहा कि शिक्षा बच्चों का मूल अधिकार है, और इस अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए शासन की यह पहल सराहनीय है। अब हमारे स्कूल में विभिन्न विषय के लिए शिक्षक उपलब्ध हैं, जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। ग्रामीण मलखम राणा ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे गांव के बच्चे अब बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। शासन ने स्कूलों की समस्याओं को समझा और युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया तुरंत करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनुठी पहल की है। ग्राम तरौद के शासकीय हाईस्कूल में चार शिक्षकों की नियुक्ति से जहां एक ओर बच्चों की पढ़ाई में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर स्कूल के समग्र विकास की भी संभावनाएं बढ़ी हैं। ग्रामीणों का मानना है कि अब उनके बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। साथ ही, वे उम्मीद करते हैं कि भविष्य में स्कूल में अन्य सुविधाओं जैसे कि लाइब्रेरी, खेल का मैदान और बेहतर बुनियादी ढांचे की भी व्यवस्था की जाएगी, ताकि बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। यह पहल न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रें में शिक्षा के प्रति जागरूकता और विश्वास को भी मजबूत करेगी।

## अज्ञात कार की ठोकर से दो बाइक सवार गंभीर घायल

**बालोद।** ग्राम अर्जुनी से बाईक के माध्यम से गुण्डरदेही डीजल लेने आए दो युवक को अज्ञात कार चालक ने ठोकर मार दी, जिससे दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे से एक का ईलाज गुण्डरदेही मे व एक गंभीर रूप से घायल युवक को राजानांदगांव रेफर कर ईलाज करवाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अर्जुनी निवासी थनेश मानिकपुरी व सागर साहू अपने ग्राम से डीजल लेने बाईक के माध्यम से गुण्डरदेही आए हुए थे, जहां वे डीजल लेने के बाद गुण्डरदेही के वार्ड क्रमांक 05 नदियापारा की ओर स्थित शराब दुकान तरफ से आ रहे थे तभी आंगनबाड़ी क्रमांक 02 के बाद दोनो बाईक सवार युवको को अज्ञात कार चालक ने जोरदार ठोकर मार दी, जिसमे दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद दोनो ही युवको को आस पास के लोगो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गुण्डरदेही मे भर्ती किया गया, जहां ईलाज के दौरान एक युवक को गंभीर चोट होने के कारण राजनांदगांव रेफर कर दिया गया। जहां उसका ईलाज जारी है। वही अज्ञात कार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार की तलाश व मामले की जांच पुलिस कर रही है।

---

**डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से बदल रही है गांवों की तस्वीर**

## स्वच्छ भारत मिशन को महिलाओं की सक्रियता ने बनाया सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के वनांचल ग्रामों में स्वच्छाग्रही समूह की सक्रियता के चलते स्वच्छता के क्षेत्र में अब गांव की तस्वीर बदलने लगी है। गांव की गलियों में स्वच्छाग्रही समूह के दीदियां सीटी बजाते हुए डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य कर रही है। जिससे ग्रामीणों में जागरुकता आयी है। अपने घरों में रखे ठोस अपशिष्ट कचरा प्लास्टिक पालीथीन सहित जोखिम कारक कचरा को इकट्ठा करके रखें रहते हैं। उसे सप्ताह में दो दिन स्वच्छाग्रही समूह के दीदियों को देते हैं। जिसके कारण अब गांवों में धीरे धीरे ब्लैक स्पॉट समाप्त हो रही है।



गांव की सुंदरता देखते बन रही है। विकास खंड की अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत कुदारी दल्ली की सतवंतीन यादव ,गंगा बाई रजत, फरीदा बेगम, पांचों बाई कार्ते, सुमित्रा बाई सलामे, सिंधु बाई रजत, हेमात्री बाई देशमुख, मोहनी बाई सलामे, पेमीन बाई पिस्दा, मालेश्वरी नेताम ने बताया कि हमारे साथियों ने स्वप्न में भी नहीं सोचे थे कि वनांचल सुदूर ग्राम में भी हमें ट्रायसिकल मिलेगा और गांव की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। भीमकन्हार की कृष्णा जांगड़े, राघो नवागांव की शिव कुमारी ठाकुर, लमती की संतोषी खरे, पारी की दीपिका तारम एवं दल प्रमुख रमन बावरे ने बताया कि जब हमारे साथियों के द्वारा बेहतरीन कार्य किया जाता है तो जनपद पंचायत के सीईओ पंकज देव सर शाबासी देकर हमारे सम्मान को बढ़ा देते हैं उस समय लगता है कि इससे और बेहतर कार्य करके दिखाना चाहिए।

स्वच्छता समृद्धि की प्रथम सीढ़ी स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कहा है कि जब से स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ कर स्वच्छता दीदियां कार्य कर रही है तब से दिनों दिन गांव की तस्वीर बदलने लगी है। स्वच्छता समृद्धि की प्रथम सीढ़ी है। गांव, गली, घर द्वार स्वच्छ रहता है तो समृद्धि की द्वार खुल जाता है। संक्रामक बीमारियां अपना पांव नहीं पसार पाती है। आइए हम सब मिलकर स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाएं।

## खेत के बोरवेल में 10 फीट लंबा सांप निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम धानापुरी मे खेत के बोरवेल मे 10 फीट लंबा सांप अंदर घुसता दिखा, जिसके बाद आस पास के किसानो मे हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार सुबह जब किसान अगले फसल की तैयारी के लिए अपने खेतो मे साफ सफाई करने पहुंचे तो खेत की साफ सफाई के दौरान किसानो ने देखा कि एक किसान के खेत के बोरवेल के पाईप से 10 फीट लंबा सांप बोरवेल के पाईप के अंदर जाने का प्रयास कर रहा है, जिसके बाद किसानो द्वारा बोरवेल के पास जाकर देखा तो सांप का मुंह बाईप के अंदर व उसके पीछे का भाग पाईप से निकलकर जमीन को छू रहा था। जिसे देखकर किसान सांप को असोड़िया सांप बता रहे है। जिसका वीडियो एक किसान ने बनाया है जो सोशल मिडिया मे वायरल हो रहा है।



## खबर संक्षेप



### संभाग स्तरीय प्रशिक्षण राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम

दुर्ग। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी व जिला कार्यक्रम प्रबंधक भूमिका वर्मा व जिला नोडल अधिकारी डॉ आरके खंडेलवाल उपस्थित रहें। प्रशिक्षण में डॉ शिल्पा जैन मास्टर ट्रेनर द्वारा तम्बाकू के नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ शैलेंद्र कुमार मिश्रा राज्य समन्वयक द्वारा ज़िले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के कार्य संपादन किए जाने के लिए ज़िले के समस्त शासकीय कार्यालय, शासकीय व निजी स्कूलों और ग्राम पंचायत को तम्बाकू मुक्त किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ज़िले में राज्य सलाहकार ख्याति जैन द्वारा कोटपा अधिनियम 2003 के उल्लंघन पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त करना प्राधिकृत अधिकारी द्वारा चलानी कार्रवाई, सभी शासकीय भवनों एवं कार्यालय को तंबाकू मुक्त किये जाने हेतु प्रचार प्रसार एवं स्कूलों कॉलेजों के 100 गज के दायरे में यलो लाइन अभियान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बुजुर्गों का आशियाना भेलवा तालाब, उजाड़

**भिलाई**। पाश कालोनी नेहरूनगर, भिलाई का एक मात्र भेलवा तालाब उजाड़ हाल में है। वर्ष 2008 तक पूर्ण विकसित तालाब में शूमार तालाब इन दिनों गंदगी और कमल गुट्टा से भरा हुआ है। रहवासियों ने बताया कि चुनाव के समय हर नेता आते है और विकसित तालाब के रूप में लाने के वादे के साथ चुनाव उपरान्त भूल जाते है। नेहरूनगर नगर जिसको बुजुर्गों की कालोनी से जाना जाता है। यहां बड़े उद्योगपति भी रहते है। उसके बाद भी भेलवा तालाब घोर उपेक्षा का शिकार है। टूटी-फूटा कुर्सी, बेन्च, शेड के रूप मे फटी तालपोलिन से यहां आने वाले बुजुर्ग परेशान हैं। इसी हाल में यहां जन्मदिन, शादी का साल गिरह,गाना बजाने की कार्य निरन्तर चल रहा है। हास्य एवम योगा क्लब, भेलवा तालाब,भारत विकास परिषद, जेष्ठ नागरिक मंच नेहरूनगर, फैन्स , बन बन्धु परिषद के वरिष्ठ आदि इस्तेमाल करते हैं।

### गुरु घासीदास की हुई महाआरती भजन में किया बाबा का गुणगान

**भिलाई**। जामुल के समीपस्थ ग्राम खेदामार में सतनामी समाज दवरा समाज के गुरु घासीदास बाबा की महाआरती और पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बजारे बंजारे उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती बजारे बंजारे और ग्रामीणों द्वारा मिलकर विधि-विधान से स्तंभ की पूजा कर बाबा घासीदास की प्रतिमा और तैल्यचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर विधि-विधान से पूजन के बाद सामूहिक महाआरती की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भरत लाल गेंड्रे ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बाबा के भजन व भक्ति गीत मंडली द्वारा गाए गए, साथ ही नाचा ग्रुप ने पंथी नृत्यों की भी प्रस्तुति कर बाबा घासीदास का गुणगान किया। इस अवसर पर दुर्ग जनपद सदस्य गोकुल वर्मा, ग्राम सरपंच अनिल बंजारे, पंच और ग्रामीणों सहित आसपास के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

### वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 2025 स्पर्धा के लिए निशा का हुआ चयन

**भिलाई**। इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन तथा महाराष्ट्र बॉडी बिल्डिंग एशोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में एशिया एवं वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशीप में भाग लेने के लिए दुर्ग की निशा भोयर अंतराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी वूमेंस एथलेटिक्स फिजिक एशिया का चयन किया गया है। भारतीय टीम का सलेक्स ट्रायल 2 से 3 जून को सिल्वर पैलैस, पुणे महाराष्ट्रा में आयोजित किया गया था।

# सेक्टर 6 श्रमिक बस्ती में बारिश के दौरान फिर होगा जलभराव

## अब तक नहीं हुई गंदी नाली की सफाई, रहवासियों व व्यवसायियों ने की जल्द सफाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मानसून की आहट के साथ ही टाउनशिप में नाले के किनारे बसी श्रमिक बस्ती और मार्केट के व्यवसायियों को जलभराव की चिंता सताने लगी है। बीएसपी द्वारा अब तक सेक्टर 6 नाले की सफाई नहीं किए जाने से बारिश के दौरान फिर झुग्गियों और दुकानों में पानी भरेगा। अधिक वर्षा होने पर नाले में बाढ़ से हर साल समस्या से तटवर्ती लोगों को परेशानी होती है।

बारिश का मौसम निकट है। हर साल टाउनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र से निकलने वाला गंदा नाला सेक्टर 6 ई मार्केट के निकटस्थ तेलुगु श्रमिक बस्ती और सी मार्केट के व्यवसायियों के लिए परेशानी का कारण बनता है। नाले में बाढ़ आने पर सबसे ज्यादा दिक्कतें श्रमिक बस्ती के रहवासियों को होती है। इस साल भी बीएसपी द्वारा इस श्रमिक बस्ती से सटे गंदे नाले की सफाई अब तक नहीं करवाई गई है। पूरा नाला गंदे पानी व गाद के साथ भारी कचरे और झाड़ झंखाड़ों से पटा हुआ है। बस्ती के रहवासियों ने बताया कि अधिक बारिश होने पर नाले का पानी किनारे की झुग्गियों में भर जाता है। इससे खाने पीने के सामान खराब हो जाते हैं। समस्या को देखते हुए नाले की सफाई जल्द करवाने की जरुरत है।



### सी मार्केट की दुकानों में भरता है पानी

वर्षा के मौसम में सेक्टर 6 से गुजरने वाला गंदा नाला तेलुगू बस्ती के अलावा सी मार्केट के व्यवसायियों के लिए भी मुसीबत बन जाता है। नाले के किनारे की दुकानों में बाढ़ के दौरान पानी भर जाता है। किनारे में अधिकतर मैकेनिक और आटो रिपेयर दुकानें हैं। दुकानों में गंदे पानी के साथ कचरा, सांप और मेंढक आदि भी दुकानों में घुस जाते हैं। दुकानों में रखा सामान आदि भी खराब हो जाता है।

## कार्यक्रम : वॉकथॉन के माध्यम से पर्यावरणीय चेतना का पहुंचाया संदेश

# विश्व पर्यावरण दिवसः हरीतिमामय हुआ बीएसपी टाउनशिप, निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को सशक्त बनाने और एकल-उपयोग प्लास्टिक के उन्मूलन पर केंद्रित कार्यक्रमों की श्रृंखला के माध्यम से सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित किया गया। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें - बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन के तहत, संयंत्र परिसर एवं नगर क्षेत्र में विविध जागरूकता और स्वच्छता अभियानों का आयोजन किया गया।

सुबह बजे इस्पात भवन के सामने से वॉकथॉन का आयोजन हुआ। इसे छग पर्यावरण संरक्षण मंडल की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिता सावंत तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने झंडी दिखाकर रवाना किया। मानव संसाधन विकास केंद्र में समाप्त हुए इस वॉकथॉन में संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों, स्कूली छात्रों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। पर्यावरण प्रबंधन विभाग तथा खेल, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित इस वॉकथॉन के माध्यम से पर्यावरणीय चेतना का संदेश पहुंचाया गया। इस अवसर पर ईडी एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, राकेश कुमार, डॉ. एम. रवीन्द्रनाथ, सीजीएम राजीव पांडे, जीएम प्रभारी उमा काटोच, जीएम संजय कुमार, ओएअध्यक्ष एनके बंछोर बंछोर, महासचिव परविंदर आदि आधिकारी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, श्रमिक संगठनों छात्रों ने लिया हिस्सा




### निकाली गई जन जागरुकता रैली

पर्यावरण दिवस पर सेक्टर 9 जेएलएन अस्पताल द्वारा भी जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसे मुख्य अतिथि विभाग प्रमुख डां. रवींद्र नाथ ने रवाना किया। रैली ओपीडी ब्लॉक से प्रारंभ होकर अस्पताल के नवीन पार्किंग क्षेत्र तक संपन्न हुई। इस रैली में चिकित्सक, नर्स, डीएनबी छात्र, पैरामेडिकल स्टाफ, सफाईकर्मी और नागरिक शामिल हुए। रैली के बाद 150 से पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. उदय कुमार, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा कांगो व डॉ. सुबोध कुमार साहा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक रंजन उपस्थित थे।

### साढ़े तीन सौ लोगों ने प्लास्टिक कचरा एकत्र किया

डॉ. रवीन्द्रनाथ ने कहा कि पर्यावरण कोई भौतिक संपत्ति नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों को सौंपना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम के अलावा सुबह सिविक सेंटर स्थित देशी व अंग्रेजी मदिरा दुकान के समीप विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अनिता सावंत थीं। यह कार्यक्रम नगर सेवाएं विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग और प्रवर्तन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। 350 से अधिक सफाईकर्मी, पर्यवेक्षक और नागरिकों ने प्लास्टिक कचरे को एकत्र किया। इस अवसर पर सीजीएम उत्पल दत्ता, जीएम प्रशांत तिवारी, केके यादव ओए अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह व डीजीएम राघवेंद्र गर्ग आदि उपस्थित थे।

### लगाए गए पौधे का वृक्ष बनने तक करेंगे देखभालः ईश्वर

भिलाई। नगर पालिका परिषद जामुल के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें वार्ड 18 सुरडुंग मोड़ पर नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सभी जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए और समय-समय पर खाद पानी एवं सुरक्षा देने का संकल्प लिया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि हम सिर्फ पेड़ लगाने का रस्म अदायगी नहीं करेंगे बल्कि हम स्वयं अपने द्वारा लगाये गये पौधे को वृक्ष बनने तक इस पौधे का देखभाल एवं सुरक्षा करेंगे, वृक्षारोपण कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, पार्षदगण सबीहा खान, खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरा, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, सीमा यादव, रामप्यारी वर्मा, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, के. राजू, चुम्मन वर्मा, दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, राजस्व प्रभारी हरीश साहू, हीम्मत मण्डावी, समयपाल वेदांत वर्मा, सफाई प्रभारी बशीर खान, रमेश मारकण्डे, तुकेश सेन उपस्थित थे।



### सिंगल यूज प्लास्टिक का आह्वान

डॉ. सावंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2015 से ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध है, बावजूद कई उपयोग कई क्षेत्रों में उपयोग चिंताजनक है। उन्होंने स्वास्थ्य के लिए पूर्ण निषेध का आह्वान किया।उत्पल दत्ता ने नागरिकों से अपील की कि वे प्लास्टिक के विकल्पों को अपनाएं एवं पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें। अभियान में नगर सेवा विभाग के कर्मचारी, सफाई कर्मी एवं पर्यवेक्षकों ने चारों ओर सफाई कर पर्यावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन जीएम केके यादव तथा आभार प्रदर्शन डीजीएम राघवेंद्र गर्ग ने किया। उद्यानिकी अनुभाग द्वारा सशस्त्र सीमा बल के सहयोग से सेक्टर-8 में पौधारोपण किया गया। सिंटर संयंत्र 2 व 3 एवं पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन में भी कार्यक्रम हुए।

# दस कब्जेधारियों ने स्वेच्छा से हटाए अवैध कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग तथा भिलाई नगर निगम की दबिश के बाद बीएसपी की संपत्ति पर काबिज कब्जाधारियों ने स्वेच्छा से पावर हाउस स्थित के जवाहर मार्केट से अवैध कब्जे हटाए लिए। । संपदा न्यायालय के डिक्री के परिपालन में पुराना रोजगार कार्यालय परिसर में अवैध रूप से काबिज 10 व्यक्तियों द्वारा संपदा न्यायालय द्वारा पारित डिक्री के अनुपालन में अपने अतिक्रमण हटाए।

■ अवैध कब्जाधारियों पर दंड भी अभिरोपित किया

संपदा न्यायालय द्वारा पारित डिक्री के तहत विजय सोनकर, समीर खान, अब्दुल सलीम, दशरथ धृतलहरे, टीका राम साहू, साहेब लाल सोनकर, रविंद्र जायसवाल, चंदन जायसवाल, लाल बाबू तथा बचऊ सोनकर के खिलाफ निर्णय सुनाया गया था। न्यायालय द्वारा सभी अवैध कब्जाधारियों पर 1,22,000/- का दंड भी अधिरोपित किया गया। निर्णय बाद नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों तथा नगर निगम की टीम ने कब्जाधारियों को चेतावनी दी थी कि वे 48 घंटे के भीतर स्वेच्छा से कब्जा हटाएँ अन्यथा बलपूर्वक बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।

# जेएलएन हास्पिटल में मरीजों को लुभाएंगी खूबसूरत कलाकृतियां

**भिलाई**। भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर नौ में इलाज के लिए आने वाले चिंतित मरीज और परिजन मेन गेट में प्रवेश करते ही थोड़ा रिलेक्स होते दिखेंगे। इनका भावभीना स्वागत खूबसूरत कलाकृतियों से होगा। मेट के बाहर कतार से आकर्षक कलाकृतियां लगाई जा रही हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा जेएलएन हास्पिटल के प्रवेशद्वार को आकर्षक लुक दिया जा रहा है। पं.रविशंकर शुक्ल चौक के पीछे गेट के सामने बाउंड्री पर लाइनस दर्जनभर से अधिक खूबसूरत कलाकृतियां लगाने का काम चल रहा है। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों, डाक्टरों तथा पेरामेडिकल स्टाफ के साथ सेंट्रल एवेन्यू मार्ग से आने जाने वाले भी खुश होंगे। गौरतलब हो कि हास्पिटल के परिसर के अंदर कैज्युअल्टी के सामने भी



# ईज़ ऑफ डुइंग बिजनेस पर कार्यशाला, 14 विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग भारत सरकार तथा जिला उद्योग और व्यापार केंद्र दुर्ग के सहयोग से ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला और फीडबैक सत्र का आयोजन जिला उद्योग केंद्र, दुर्ग में किया गया।

इस सत्र में डीपीआईआईटी की केंद्रीय टीम के वरिष्ठ सलाहकार मनोज कुमार और संजय गुप्ता, डीटीआईसी दुर्ग के अधिकारी तुषार और साइमन एक्का उपस्थित रहे। इस आयोजन में राज्य के प्रमुख औद्योगिक संगठनों की भागीदारी रही। जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ महासचिव अजय भसीन, भिलाई चैंबर जिला अध्यक्ष गर्गी शंकर मिश्रा, उद्योग चेंबर भिलाई अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता, कोऑर्डिनेटर भोलानाथ सहित अन्य प्रमुख उद्योगपति व व्यापारिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कार्यशाला में औद्योगिक भूमि आवंटन, सरकारी अनुमतियों की प्रक्रिया में सुधार, और ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के 14 प्रमुख मापदंडों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# जब शरारती बंदर ने लड़की का लौटाया मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कलेक्टोरेट और कोर्ट परिसर दुर्ग में उत्पात मचाते बंदर अपने मानवसुलभ करतबों से भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आज

■ कलेक्टोरेट परिसर में उत्पात मचाता दो बंदर लोगों के हैरत व आकर्षण का केंद्र

विश्व पर्यारण दिवस और बंदरों की मनोरंजक शरारतों का अदभुत संयोग चर्चा का विषय बना रहा। इन पालतूनुमा लंगूरों की दिलचस्प हरकतों ने व्यस्ततम और तनावग्रस्त अधिकारियों, वकीलों के साथ मुल्जिमों को भी कुछ पल के लिए गुदगुदाने पर मजबूर कर दिया। एक बंदर चालक की तरह कभी खड़ी बाइक का एक्सीलेटर दबाता तो कभी नीचे उतरकर किक मारते हुए कौतुक का केंद्र बना रहा।



कलेक्टोरेट परिसर में आमतौर पर दिनभर गहमागहमी का माहौल होता है। यहीं जिला न्यायालय भी होने से मामलों और फरियादियों में उलझे अधिवक्ता आदि के पास भी सांस लेने की फुरसत नहीं होती। यही हालत यहां विभिन्न कामों से आने वाले आम लोगों की होती है। लेकिन अपने कार्यों में व्यस्त कई लोगों को आज उत्पाती बंदरों ने खूब हंसाया।

दो तीन बंदर उछलकूद करते हुए कोर्ट परिसर के अंदर के गेट के सामने दोपहिया खड़ी दोपहिया गाड़ियों पर उछलकूद करने लगे। एक ने एक बाइक की सीट कवर चबाया तो दूसरा आराम से हैंडल का एक्सीलेटर घुमाने लगा। जब कुछ लोगों ने खदेड़ा दो दोनों बंदर धमाचौकड़ी मचाते हुए मंदिर के साइड में जा धमके। मंदिर के निकट पेड़ की टहनी पर झूलते हुए एक बंदर को जब एक लड़की ने शरारत से दांत किटकिटाते चिढ़ाया तो बंदर गुस्से से झपट्टा मारते हुए उसके हाथ से मोबाइल छीन दूर जा बैठा। कुछ लोगों ने सूझबूझ से चनों के साथ और अपने मोबाइल बंद रो दिखाए। इस पर बंदर निकट आकर चने उठाने के प्रयास में लड़की का मोबाइल जमीन पर छोड़ गया। लेकिन इस चक्कर में मोबाइल की स्क्रीन टूट गई। उल्लेखनीय है कि आज पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पड़ी के मामले में कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह के केस की सुनवाई के चलते कई कांग्रेसी भी कोर्ट परिसर पहुंचे थे।

## राजहरा माइंस अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों को दिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 640 से अधिक परामर्श प्रदान किए। शिविर के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग और जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की टीम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेन्द्र ठाकुर ने किया। शिविर में सीएमओ डॉ. प्रमोद बिनायके, डॉ. प्रमोद राय , डॉ. अशोक कुमार, डॉ. कुमुदिनी तिग्गा , डॉ. नूतन वर्मा, डॉ. इमैनुएल मैसी, डॉ. धीरज शर्मा , डॉ. पलाश तिवारी, डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. दिव्या पी तेजस्वनी , डॉ. शशांक अग्रवाल, शशि सिंह श्वेता शर्मा डीएनबी डॉ. अभिषेक, डीएनबी डॉ. प्राची प्रतिभा प्रिंस सहित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, भिलाई के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं प्रदान की। राजहरा मेडिकल हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रभारी डॉ मनोज डहरवाल तथा राजहरा माइंस हॉस्पिटल की टीम भी उपस्थित थी।



**मरीजों को लगाए आर्टिकुलर इंजेक्शन**

मरीजों को विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा-स्वास्थ्य समस्याओं के लिए परामर्श, नैदानिक परीक्षण और उपचार प्रदान किए गए। शिविर में स्थानियों को 12 इंट्रा-आर्टिकुलर इंजेक्शन लगाए गए और 6 प्लास्टर चढ़ाए गए। साथ ही स्वास्थ्य सम्बन्धी सत्र भी आयोजित किए गए।

# माहेश्वरी समाज ने वंशोत्पत्ति दिवस पर निकाली रैली, शिवजी का अभिषेक कर बुजुर्गों को कराया भोजन

**दुर्ग**। माहेश्वरी समाज ने वंशोत्पत्ति दिवस मनाया। इस अवसर पर सुबह प्रभातफेरी निकाली गई, जो बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा से शुरू होकर शनि मंदिर व विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंची। दुर्ग में बाबा रामदेव मंदिर में सुबह 10 बजे ने महेश ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सदस्यों को बेल के पौधे भी बांटे। विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति आरएल झंवर ने अपने उद्बोधन में परिवार और समाज में एकता बनाकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग विचारधारा के होते हुए भी एक सामंजस्य बिठाकर सर्वोत्तम स्थिति का निर्माण करते हुए प्रगति पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि अभा माहेश्वरी सभा के सदस्य प्रकाश लड्ढा ने प्रदेश स्तर पर समाज के विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए उसका अधिक से अधिक लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद गंजपारा चौक पर राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया।

मंदिर परिसर में हुआ रूद्राभिषेक, रक्तदान शिविर का भी आयोजनः माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के अध्यक्ष अशोक राठी ने बताया कि महेश नवमी पर दुर्ग में माहेश्वरी पंचायत ने सुबह 7 बजे बाबा रामदेव मंदिर परिसर में समाज के 70 लोगों की 25 से अधिक प्रकार की रक्त जांच कराई। इसके बाद 7.30 बजे प्रभातफेरी शुरू हुई, जिसमें महेश ध्वज थामे लोग भगवान शिव का जयकारा लगाते हुए शामिल हुए।

**खबर संक्षेप**

## तहसीलदार ने परिवार के साथ किया पौधारोपण



**दुर्ग।** विश्व पर्यावरण दिवस में दुर्ग बोरासी में स्थित गणपति विहार कॉलोनी में तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने सपरिवार और कॉलोनी वासियों के साथ 5 पेड़ का रोपण कर उसकी सुरक्षा की प्रतिज्ञा ली।

## ठग्स ऑफ़ हिन्दोस्तान पर होगी कृति चर्चा




**दुर्ग।** जन संस्कृति मंचए दुर्ग-भिलाई के तत्वावधान में उपन्यासकार कैलाश बनवासी की कृति ठग्स ऑफ़ हिन्दोस्तान पर चर्चा गोष्ठी 8 जून रविवार को शाम 4 बजे से डिजिटल कक्ष कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित की गई है। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोचक जयप्रकाश करेंगे। कृति पर वक्ता उपन्यासकार लोकबाबू, कथाकार ऋषि गजपाल, कवि अंजन कुमार, आलोचक डॉ. सियाराम शर्मा की उपस्थित रहेंगे।

## मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 1 कुंआ चौक पंचशील नगर जिला दुर्ग निवासी तुषार साहू की विगत 10 जुलाई 2022 को शिवनाथ नदी, महमरा एनीकेट में पैर फिसलने से गिरने पर पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम कुरूद तहसील व जिला दुर्ग निवासी महेश साहू की विगत 13 जनवरी 2024 को रात्री में चिमनी ऊपर गिर जाने पर शरीर जल जाने से परिजनों द्वारा उपचार हेतु डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया, उपचार के दौरान 25 जनवरी 2024 को उनकी मृत्यु हो गई थी। ग्राम अमलीडीह तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी रूपेश महिलांगे की विगत 17 अप्रैल 2024 को नहाते समय तालाब में डुबने से मृत्यु हो गई थी। ग्राम रीवागहन तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी भेवेश कुमार साहू की विगत 19 अक्टूबर 2024 को तालाब के गहरे पानी में गिर जाने पर डुबने से मृत्यु हो गई थी।

### आयोजन : पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधारोपण

# बच्चों और ग्राम पंचायत की संयुक्त पहल से प्लास्टिक मुक्त गांव का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहार

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधे का रोपण किया गया। जिसमें मिशन लाईफ के अंतर्गत इको क्लब के बच्चों के द्वारा, संस्था के प्रधानपाठक रमन लाल धनेन्द्र, शिक्षक नीलकंठ धनकर, जानकी देशमुख व संकुल समन्वयक थानेश्वर साहू के द्वारा व सरपंच हुमेश्वरी भुआर्य, उपसरपंच रूपेश कुमार साहू, रोजगार सहायक प्रेम साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लीलाधर भूआर्य के द्वारा,एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत शाला प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधे का रोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अशोक, अमरूद, कदम, कटहल, करंज, आम, नीम सहित कुल 19 पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख रमन लाल धनेन्द्र व उपस्थित सभी बच्चे व सरपंच, उपसरपंच, एमएससी अध्यक्ष ने शपथ लेते हुए कहा कि हम सभी पर्यावरण को बचाने हेतु आज से प्लास्टिक का उपयोग करना बंद करेंगे व प्लास्टिक मुक्त गांव के लिए जन-जागरूकता अभियान में भागीदारी निभाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का संस्था प्रमुख द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### पर्यावरण संरक्षण दिवस पर महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** गुरुवार को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी तथा पर्यावरण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु महाविद्यालय में विभिन्न प्रजाति के औषधीय एवं फलदार पौधे रोपे गये। तथा सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ पौधे लगाकर एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की शुरूआत किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरणीय जागरूकता को और सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रोशन आरा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी पुरूषोत्तम भुआर्य, पर्यावरण प्रभारी नंदकिशोर सिन्हा, सहायक प्राध्यापक पुरूषोत्तम भुआर्य, टुशिका नायक, प्रदीप कुमार खरे, फूलेश्वरी ठाकुर, नेहा ध्रुवे, कार्यालयीन स्टॉफ भुवन लाल, खोमेश्वर सारथी, ईश्वर लाल मानकर, घनश्याम सिंह, योगेश कुमार कुल्हरिया, लालू राम फरसिंद का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय के छात्र-छात्रायें एवं स्वयं सेवकों की सक्रिय भागीदारी रही।



# राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निपटारे करे : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि राजस्व संबंधी कार्य आम जनता से सीधे जुड़े होने के कारण राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करना शासन के विशेष प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने शासन के मंशानुरूप जिले में राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है।

कलेक्टर मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने सीमांकन, बंटवारा, खाता विभाजन आदि सभी राजस्व प्रकरणों के ऑनलाईन निराकरण के कार्य की समीक्षा करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में उन्होंने डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे कार्य के लिए नोडल अधिकारियों के अलावा मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति कर इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जियो रिफ्रेंसिंग, भूमि अधिग्रहण संबंधी कार्य के अलावा राजस्व अभिलेख अद्यतीकरण, नक्शा बटांकन, डिजिटिल सिग्नेचर के कार्य आदि की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अविवादित, विवादित प्रकरणों की ऑनलाईन निराकरण, सीमांकन प्रकरणों में लंबित ऑनलाईन जानकारी तथा अपील प्रकरणों की ऑनलाईन जानकारी की भी समीक्षा की।

### कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों को दिए शीघ्र कार्य निष्पादन के निर्देश

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को इन सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने भूअर्जन प्रकरण तथा मुआवजा विवरण की जानकारी एवं सेवा शुल्क के अलावा ई–कोर्ट में दर्ज लंबित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने ईनामांतरण पंजी की संख्यात्मक जानकारी, पंचायत वसूली प्रकरणों में वसूली, भू–राजस्व वसूली के अलावा आरबीसी 6 4 के अंतर्गत स्वीति प्रकरण एवं मुआवजा वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने सभी राजस्व अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने तथा आम जनता के साथ मधुर एवं स्नेहिल व्यवहार रखते हुए राजस्व संबंधी समस्याओं का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## गायत्री परिवार द्वारा पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न



**गुरूर।** गायत्री जयंती, गंगा दशहरा एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार युग निर्माण योजना के संस्थापक गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के महाप्रयाण दिवस पर गायत्री परिवार द्वारा गायत्री प्रज्ञापीठ ग्राम बोडरा में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन किया गया। यज्ञ संचालन करते हुए आचार्य प्रज्ञापुत्र तामेश्वर साहू ने कहा कि गायत्री मंत्र संपूर्ण मंत्रों की आवश्यकता को अकेला ही पूरा करने में समर्थ है।

गायत्री मंत्र का जप या उच्चारण उपासना द्वारा ब्रह्मांड में संव्याप्त प्राणतत्त्व को खींचा एवं अपने अंदर संचित किया जाता है। गायत्री प्राणों की रक्षा करती है। गायत्री मंत्र व्यक्ति नहीं, समूह संसार के कल्याण में विश्वास व्यक्त करता है। भगवती गंगा का अवतरण इसी दिन संसार के कल्याण के लिए हुआ था। गंगा पवित्रता की देवी है एवं एक महान औषधि है। इसमें स्नान करने से अनेक प्रकार की रोगों से मुक्ति मिल जाती है। गंगा किनारे बैठकर गायत्री साधना करने से आत्मा का कल्याण होता है। इसी गायत्री जयंती के दिन हमारे गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा ने महाप्रयाण किया और आज सूक्ष्म व कारण शरीर में पूरी दुनिया में विद्यमान है युग परिवर्तन व सतयुग की वापसी इसी की साधना तप से साकार होने जा रही है। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री मंत्र के माध्यम से हर घर हर जन तक सद्बुद्धि अपनाने का अभियान चलाया जा रहा है। दुनिया का तमाम अनाचार भ्रष्टाचार गायत्री मंत्र उपासना से ही खत्म हो सकती है। अतः इस सार्वभौमिक मंत्र को कोई भी अपने जीवन में शामिल कर संसार का कल्याण कर सकते हैं।

संगीतमय प्रस्तुति राजेंद्र कुमार सिन्हा ने प्रज्ञागीत भजन कीर्तन करते हुए गायत्री महायज्ञ में उपस्थित साधकों द्वारा श्मानव में देवत्व का उदय व धरती पर स्वर्ग का अवतरणश के लिए गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र वेदमंत्रें की आहुति दी गई। आयोजन में विशेष रूप से क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा भी शामिल हुई। इनकी रही विशेष उपस्थिति के रूप में जोहित राम साहू, मनहरण, आदनाथ साहू, रामू सिन्हा, देवधर साहू, नरेश कुमार साहू, शिवप्रसाद साहू, उदय साहू, ओमप्रकाश साहू, रामजी साहू, बाल—ष्ण सिन्हा, गंगा सिन्हा, गोदावरी सिन्हा, जानकी सिन्हा एवं ग्रामीण परिजन अधिक संख्या में शामिल हुए।

# गायत्री जयंती पर जामगांव में पुंसवन संस्कार एवं महायज्ञ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

गायत्री जयंती गंगा दशहरा का पर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में अमालोरी गायत्री पीठ के शाखा जामागांव द्वारा समरसता भवन जामगांव आर में एक कुंडली गायत्री महा यज्ञ कर पर्व को मनाया गया जिसमें पांच गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार सम्पन्न हुआ। पुंसवन संस्कार से संस्कारी संतान जन्म लेते है। आचार्य नारद देव एवं डीडी मानिकपुर द्वारा यज्ञ की महिमा पर प्रकाश डालते हुए गायत्री की उत्पति एवं गंगा का अवतरण के संबंध में प्रकाश डालते हुए बताया कि पर्व विशेष के साथ साथ यज्ञीय भावनाओं से ओत प्रोत भाई बहनों को पुंसवन संस्कार के माध्यम से माता पिता कैसे सुसंस्कारी संतान प्राप्त कर सकते है। औषधि के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया कि वट वृक्ष गिलोय के संबंध में प्रभावी जानकारी दी पीपल देव वृक्ष कहलाता है। गर्भ अवधि खानपान आचार विचार सात्विक शुद्ध होना चाहिए। गायत्री परिजनों ने कहा कि माता पिता को अपने जीवन शैली को व्यवस्थित करते हुए अपने खान पान को आचार विचार को शुद्ध सात्विक बनाना होता है गर्भकाल के समय अपने आहार एवं दिनचर्या पर विशेष ध्यान देना वा अच्छे अच्छे धार्मिक एवं प्रेरणा पद साहित्यों का अध्ययन करना चाहिए ताकि गर्भाशय शिशु को गर्भ से ही अध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त हो कार्यक्रम में गांव के मितानिन बहने आशा यादव ,उमा चंद्राकार का विशेष सहयोग रहा।

इन्होंने लिया यज्ञ में भाग लिया यज्ञ में भाग लेने वाले बहन मोहिनी यादव, लोकेश्वरी यादव, रेणुका राठी, रजनी सेन व सुमन निर्मलकर का पुंसवन संस्कार कराया। जिसमें भाई राहुल राठी, लोकेश यादव, त्रिलोक यादव, कमलेश सेन, चुम्मन निर्मलकर, रमेश कुमार वा बहन समाज सेवी भरत साहू, तामेश्वरी साहू, बसंती साहू, हुलसी नेताम एवं ग्रामीणों ने यज्ञ में भाग लिया।



# गायत्री परिवार का आवासीय व्यक्तित्व विकास शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

गायत्री परिवार द्वारा आयोजित आवासीय व्यक्तित्व विकास शिविर के समापन में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन थे। अध्यक्षता तहसील साहू समाज अध्यक्ष मानसिंह सार्वा ने किया।

विशेष अतिथि उमाशंकर साहू, साहित्यकार केशव राम साहू, पंकज चौधरी, हेमंत साहू, अरुण साहू, वीरेंद्र कुमार साहू उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने इन युवाओं की साधना की सराहना की एवं कहा कि गायत्री परिवार द्वारा संस्कार देने का कार्य होते रहता है। मुख्य अतिथि प्रमोद जैन ने कहा कि ऐसे संस्कारित बच्चे अपने माता–पिता के साथ देश का भी नाम रोशन करते हैं, ऐसे संस्कार युक्त कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। अध्यक्षता कर रहे मानसिंह सरवा ने गायत्री परिवार द्वारा नशा उन्मूलन की दिशा में कर रहे कार्यों की सराहना की। कवि केशव राम साहू ने कविता के माध्यम से पेड़ लगाने का आह्वान किया। शिविर में भाग लेने वाले बच्चे शिविर के अंतर्गत सीखे योगाभ्यास, प्राणायाम, अनुशासन जीवन जीने की कला आदि के संबंध में अपना अनुभव व्यक्त किए। गीत संगीत के माध्यम से जागरण का संदेश प्रस्तुत किया गया। संचालन गायत्री परिवार के जिला संयोजक विमल साहू ने किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार परिवाजाक चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, गजाधर साहू, मन्नू लाल साहू, हरी सेवक मेश्राम दिलेश्वर साहू, हेमंत व्यास, बहूर सिंह, मुरली दास मानिकपुरी, गोपाल साहू, मोहपत राम, जवाहर लाल, भानु साहू, प्रदीप साहू की भागीदारी रही। कार्यक्रम समापन के बाद शिविर मे आए सभी बच्चो को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## बार-बार बिजली गुल होने से मोहन नगरवासी हो रहे परेशान

**दुर्ग।** मोहन नगर क्षेत्र पिछले कुछ दिनों में दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है। इसकी शिकायत मोहन नगर पश्चिम वार्ड-12 के पार्षद अजीत वैद्य ने की है। उन्होंने बताया कि पिछले करीब 6 माह से सीएसईबी से लाइट गोल होने की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसके कारण आसामाजिक तत्वों का जमावाड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। रात के समय सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बार-बार लाइट बंद होने से संदिग्ध गतिविधियां बढ़ रही है। वार्ड में सफाई को लेकर भी समस्या है। सफाई कर्मचारी को कभी भी कहीं भी किसी भी जगह में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसके कारण वह कर्मचारी भी परेशान हैं। वार्डवासी भी परेशान रहते हैं। सफाई पूरे वार्ड की चरमरा गई है। निगम के अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCom
MCom
MA Hindi
MSC Chemistry/CS
BCA
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diplom In YOGA
Anda, Durg
: 9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432

## 9 जून को निःशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

वेदांत मार्ग के साधकों का महातीर्थ महर्षि मुक्ताश्रम हथौद में 9 जून को ब्रम्हलीन वेदान्त केशरी मुक्तानुचार संत आत्माराम कुम्भज का अवतरण दिवस मानने का निर्णय कार्यक्रम के आयोजक महर्षि मुक्ताश्रम लोक सेवा न्यास की बैठक में लिया गया।



न्यास के अध्यक्ष गोविंद राम साहू की अगुवाई में कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किया गया। 9 जुन को 9:30 बजे गुरु पादुका पूजन, 11बजे से मुक्तानुचर संत बाबा फकीर राम उडकुड़ा (कांकेर) का प्रवचन, 2 बजे गुरु आरती पश्चात महाप्रसादी के साथ समापन होगा। इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम प्रायोजक स्वामी वेदांत प्रवक्ता नाडी वैद्य डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने जानकारी दी कि निःशुल्क स्वस्थ परीक्षण एवं होम्यो आयुर्वेद चिकित्सा शिविर और औषधि वितरण भी कार्यक्रम मे होगा। इस शिविर का आयोजन विभिन्न आयुर्वेद और होम्योपैथिक दवा निर्माता कंपनीयों के सहयोग से किसलय होम्यो एवं आयुर्वेद एजेंसी गुरुर, बालोद द्वारा आयोजित होगी। इस शिविर में किसलय पंचगव्य चिकित्सा एवं अनुसंधान के गव्य सिद्ध डॉ. टेमिन और गव्य सिद्ध डॉ. मनीष दास सेवा देंगे।

बैठक में गोविंद राम साहू, जागेश्वर साहू, संतोष सिन्हा, रामभरोषा साहू, लखन मडावी, ओमप्रकाश गजेंद्र, सागर दास मानिकपुरी, पवन साहू, युवराज साहू, थानसिंह साहू, रोशन साहू, पुरुषोत्तम सिंह राजपूत उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने दी।

## गुमटियों की नीलामी को लेकर पनपा आक्रोश

**दुर्ग।** राजेन्द्र पार्क चौपाटी में 20 साल से दुकान चला रहे व्यापारियों को नीलामी का नोटिस नगरनिगम द्वारा जारी किया गया है। पूर्व में इन दुकानदारों को व्यवस्थापन के लिए गुमटियां वितरण में प्राथमिकता देने की बात कही गई थी।

लेकिन कांग्रेस से भाजपा की सत्ता बदलने के बाद इसे नीलामी के आधार पर वितरण किए जाने की तैयारी से दुकानदारों में आक्रोश है। राजेन्द्र पार्क चौपाटी, दुर्ग में बीते दो दशकों से दुकान लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे छोटे दुकानदारों को नई दुकानों के आबंटन में प्राथमिकता नहीं देने को लेकर अब विवाद गहराता जा रहा है। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने नगर निगम प्रशासन और महापौर को पत्र लिखकर इन दुकानदारों के हक़ में उचित कार्यवाही की मांग की है। गौरतलब है कि, नगर निगम द्वारा हाल ही में राजेन्द्र चौपाटी में नई दुकानों का निर्माण कराया गया है।

# झलमला एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया



**बालोद।** ग्राम झलमला स्थित समाज कल्याण विभाग परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों ने पौध रोपण किया। इस अवसर कलेक्टर मिश्रा ने अधिक से अधिक पौध रोपण करने तथा रोपे गए पौधे की सुरक्षा हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

## छग की शिक्षा व्यवस्था पर संकटः वोरा

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था का स्तर दिन पर दिन घटता जा रहा है, अब सरकार एक और बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है, लेकिन यह बदलाव विकास से ज्यादा विनाश की आहट लेकर आया है। राज्य सरकार ने स्कूलों के 'युक्तियुक्तकरण के नाम पर एक ऐसा फैसला लिया है, जो न सिर्फ 10,463 स्कूलों को बंद करने की ओर बढ़ रहा है, बल्कि प्रदेश के शिक्षा तंत्र की रीढ़ माने जाने वाले 45,000 शिक्षकों की नौकरियों पर भी गहरी चोट करने जा रहा है। इस पर अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अरुण वोरा ने खुलकर विरोध जताया है। वोरा का कहना है कि, प्रदेश में पहले से ही 297 स्कूल बिना किसी शिक्षक के चल रहे हैं, जबकि 7,127 स्कूलों में केवल एक शिक्षक कार्यरत हैं। ऐसे में जरूरत थी कि खाली पदों पर शीघ्र भर्ती कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, लेकिन सरकार उल्टा रास्ता चुनते हुए शिक्षकों के पद ही खत्म करने की ओर बढ़ रही है।

## 6 कराटे खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**भिलाई।** सेक्टर-5 इस्पात क्लब से प्रशिक्षित 6 होनहार कराटे खिलाड़ियों का चयन नेशनल कैडेट जूनियर व सब-जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 12 से 15 जून तक देहरादून उत्तराखंड में आयोजित होगी। खिलाड़ियों के कोच रमेश एवं राजेश हैं। इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने पिछली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर भिलाई का नाम रोशन किया था। इस बार भी उनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। यह दल 9 जून को प्रतियोगिता के लिए देहरादून रवाना होगा। ओलंपिक खिलाड़ी राजेंद्र प्रसाद एवं मुकेश तिवारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये बच्चे भिलाई की नई खेल प्रतिभा के प्रतीक है। भविष्य के चमकते सितारे बन सकते हैं। टीम में रजनी ओरण, बरखा ओरण, पुष्पांजलि बंजारे, प्रज्ञा बंजारे, अन्नपूर्णा साहू, खुशी जोशी शामिल हैं।

SIDDHIVINAYAK
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से अब डुडिया में मिलेंगी बैंकिंग और सरकारी सेवाएं

**बलोद।** अर्जुन्दा जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डुडिया में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र सीएससी भवन का भूमि पूजन ग्राम पंचायत डुडिया के सरपंच आमीन साहू एवं पंचगणों के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर सरपंच आमीन साहू ने बताया कि यह अटल डिजिटल सुविधा केंद्र छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्थापित एक प्रकार का सार्वजनिक सुविधा केंद्र है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान करना है। इसके माध्यम से कृषि सम्बन्धी व अन्य दस्तावेजो की प्रतिलिपि, आवेदन पत्र जमा करने तथा बैंकिंग सेवाएं जैसे कृषको को धान का पैसा, पेंशन, महतारी वन्दन और रोजगार गारंटी का पैसे निकालने में सुविधा प्रदान करना इसका उद्देश्य हैं। इस सुविधा केन्द्र के माध्यम से ग्राम पंचायत डुडिया के समस्त नागरिक लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत डुडिया के उपसरपंच बृजेश देवांगन, पूरन देवांगन, टेकराम साहू, तुलु राम सिन्हा, रामप्यारी ठाकुर, नीता सिन्हा, नीरा टंडन, रेवती धनकर, एनी ठाकुर, सुनीता ठाकुर सरस्वती साहू सहित ग्राम के सभी पंचगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### चोरी के मामले में 3 साल से फरार आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** चोरी के एक मामले में तीन साल से फरार चल रहे आरोपी खेदामारा निवासी महेंद्र सोनवानी को जामुल पुलिस ने पकड़ा। इसके विरुद्ध कृष्णा नारंग की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज था। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक कृष्णा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 28 जून 2023 को रात करीबन 1:30 बजे घर का दरवाजा कोई खटखटा रहा था। उठकर देखने पर घर के अंदर पड़ोस का रहने वाला महेन्द्र छिपा हुआ था। प्रार्थी को देखकर दरवाजा खोलकर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के बाद लगातार खोजबीन की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से रिमांड पर उसे जेल भेज दिया गया।

### शराब तस्करी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पाटन पुलिस ने फुंडा की एक बाड़ी में मिली लाखों की शराब मामले में फरार चल रहे आरोपी शत्रुहन उर्फ सालिक पिता सुकुलाल साहू को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर घटना स्थल से मध्यप्रदेश निर्मित 500 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब जब्त की थी। मामले में 3 वाहन, 9 नग मोबाइल, प्लास्टिक शीट भी जब्त किया गया था। सारे सामान की कीमत 4ण28 लाख रुपए आंकी गई थी। मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

## निधन

### निवासी किशन लाल ओझा



**बालोद।** कलंगपुर ग्राम अचौद निवासी किशन लाल ओझा 73 वर्ष का निधन हो गया। जिनकी अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम मे किया गया। वे धनंजय कुमार ओझा के पिता थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस

### वृक्षों का मानव पर बड़ा उपकार : अध्यक्ष प्रणव शर्मा

# जामगांव आर व कुम्हली में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलोद

जामगांव आर एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश को जनव्यापी बनाने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत पाटन के सभापति एवं वन एवं पर्यावरण स्थाई समिति के अध्यक्ष प्रणव शर्मा जामगांव आर और कुम्हली पहुंचकर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किए। वृक्ष देती है हमे बहुत कुछ हम भी तो वृक्षो को संरक्षण देना सीखे जनपद पर्यावरण समिति अध्यक्ष प्रणव शर्मा ने कहा कि वृक्ष हमे मुफ्त में ऑक्सीजन देती है। कार्बन डाइआक्साइड लेती है फल फूल देती है छाया देती है।

औषधियां देती है नाना प्रकार का उपहार हमे देती है वृक्षो का मानव पर बड़ा उपकार है। इस उपकार को समझे और जीवन को स्वस्थ मस्त रखने विरासत में स्वास्थ का खजाना देने एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए मां भारती के प्रति अपना फर्ज निभाए। शर्मा ने कहा कि वृक्ष हमे देती है बहुत कुछ हम भी वृक्षो को भी संरक्षण देना सीखे। भाजपा नेता ,जनपद सदस्य सरपंच उपसरपंच पंच ग्रामीणों ने किए वृक्षारोप कार्यक्रम में जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, भाजयुमो अध्यक्ष नारद साहू, जामगांव आर सरपंच रूपेंद्र शुक्ला उपसरपंच मुकेश साहू, कुम्हली सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच विजय कुमार, बिहान समूह की महिलाएं, पंचगण व ग्रामीणों ने पौधारोपण में सहभागिता अदा किए।



### मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यशाला सम्पन्न

**बालोद/सिकोसा।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही मे भरदाकला क्लस्टर अंतर्गत कुल 25 ग्राम पंचायत के जनपद सदस्य, सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों का मोर गांव, मोर पानी महाअभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं आजीविका संर्वधन हेतु जनप्रतिनिधि, समुदाय एवं विभाग का संगम विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिममें गुड गर्वेनेन्स, महाअभियान अंतर्गत जल संरक्षण जन जागरूकता अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है। उक्त प्रशिक्षन सागर महिला संकुल स्तरीय संगठन भरदाकला क्लस्टर में आयोजित की गयी है।



### एक पेड़ मां के नामः महाविद्यालय परिसर में छात्रों ने लिया पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प



**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र–छात्रओं ने पौधों के रख–रखाव की जिम्मेदारी ली। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने प्रति के लिए सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए महाविद्यालय प्रांगण में अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा है। जिसके पूर्ति के लिये आगामी दिनों में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खरथुली में लगाए गए फलदार पौधे

**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरथुली मे विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा पर्यावरण को समुचित रखना हम सभी नागरिक के लिए आवश्यक है। आज सभी ओर जंगल एवं पर्यावरण को नष्ट किया जा रहा है जिसके कारण वर्षा होने की गति मे कमी हो रही है। यदि पर्यावरण सुरक्षित नही होगा जनजीवन प्रभावित होगा। इसी तारतम्य मे शाला मे विद्यार्थी एवं उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओ के द्वारा एक पेड़ मां के नाम 2.0 के अंतर्गत पौधारोपण शुरूवात किया गया। इस अवसर पर विद्यालय मे गमलो पर फुलदार पौधो का रोपण किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भागवत चतुर्वेदी एवं राकेश कुमार कोठारी, गजेन्द्र पुरी गोस्वामी, लालेशवर ठाकुर, हरीश रावटे, रेखा देशमुख, यशोदा नायक एवं भोजराज भुआर्य एवं छात्र छात्रओ के दौरान प्रांगण में फलदार वृक्ष आम, अमरूद, करौंदा लगाया गया।





### पर्यावरण दिवस पर टीकाराम ने लगाया पौधा, दिया संरक्षण का संदेश




**गुण्डरदेही।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष टीकाराम निषाद ने पौधे लगाए। टीकाराम निषाद ने कहा प्रति की रक्षा और पर्यावरण हमारे अस्तित्व की कुंजी है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आइए हम सब मिलकर धरती को हरा भरा बनाने का संकल्प लें, एक पेड़ मां के नाम इस विशेष अभियान से जुड़े और एक पेड़ लगाकर प्रति व मातृत्व को अपनी श्रद्धांजलि दें, अब समय है हमारा एक छोटा कदम धरती के लिए बड़ा परिवर्तन, हमें अपनी पर्यावरण की रक्षा के लिए अभी समाधान ढूंढना चाहिए, प्रदूषण में योगदानकर्ता न बनकर मुख्य समाधान बने, हरियाली के बारे में सोच और हमेशा हरियाली के अनुसार काम करें।

## दल्लीराजहरा में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन

**दल्लीराजहरा।** मां के नाम एक पेड़ अभियान से गूंजा चिखलाकसा, विश्व पर्यावरण दिवस पर लिया गया प्रकृति संरक्षण का संकल्प दल्लीराजहरा, (चिखलाकसा), विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर नगर पंचायत चिखलाकसा में हरित स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायी कार्यक्रम /"एक पेड़ मां के नाम का आयोजन वार्ड क्रमांक 10 स्थित गार्डन में किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ पौधारोपण नहीं, बल्कि जनमानस में पर्यावरण के प्रति चेतना जगाना और हर व्यक्ति को प्रकृति से जोड़ना था। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण से हुई, जहां विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे एवं सभी 15 वार्डों के पार्षदगण हेम कुंवर तारम, शांतनु मेश्राम, ताराचंद पाथोड़े, बसंत कोरेटी, खेदू सिंह गौतम, भिखी मसीया, लल्लूराम टेकाम, नूतन दास, सुनीता गुप्ता, बसंत जैन, संध्या शर्मा, विमला जैन, संतोष झा, लीला डडसेना, विजय डडसेना और घनाराम साहू ने मिलकर पौधारोपण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, उप अभियंता राकेश कुमार पाठक, स्वच्छता प्रभारी राकेश साहू, सन्नी चौधरी सहित समस्त नगर पंचायत कर्मचारी, स्वच्छता दीदी एवं भारी संख्या में नागरिक इस आयोजन में सहभागी बने। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पृथ्वी और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया। हर किसी ने एक पेड़ मां के नाम का भावनात्मक संकल्प लेते हुए यह संदेश दिया कि प्रकृति को बचाना अब केवल विकल्प नहीं, जिम्मेदारी बन चुकी है।

## पर्यावरण थीम हैः प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करें

**बालोद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से टूमन साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के कृषि विभाग के सभापति उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व भर में 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी पर्यावरण थीम है– प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करें। कार्यक्रम मे प्राचार्य आरके देवांगन ने पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के बहुत आसान तरीका बताए। जैसे अधिक से अधिक पौधे लगाए उनका पोषण व संरक्षण भी करें। नजदीकी कामों के लिए साइकिल का उपयोग करें। इस कार्यक्रम में यूथ एंड इको क्लब के प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक एवं व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर ने कहा कि हमें प्लास्टिक या पॉलीथीन का उपयोग न करते हुए अधिक से अधिक पेपर बैग व थैला का उपयोग करना चाहिए।



ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के उपाय बताए। हमें अधिक से अधिक फलदार वृक्ष, बरगद और पीपल का पौधा लगाना चाहिए। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश सोनबोइर, सुरेन्द्र नेताम, रूपेश देवांगन, मोनिका निषाद, छवि, गोयल देहरी, कुसुम साहू, भावना सुधाकर, वेदिका साहू उपस्थित थे।

### पर्यावरण दिवस पर आम के पौधे का रोपण किया:देवरी



**डौंडीलोहारा।** देवरी थाना परिसर में पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण किया गया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, रक्षित निरीक्षक श्रीमती रेवती वर्मा एवं थाना प्रभारी दिनेश कुमार कुर्रे के नेतृत्व में आम का पौधा रोपण किया गया, इस अवसर पर जनपद पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष पोषण बनपेला, सरपंच अमर भुआर्य, व ग्राम पटेल प्रेमलाल साहू, पुलिस स्टाफ,आरक्षक सभी उपस्थित रहकर पौधा रोपण किया गया, जिसमें मोनिका ठाकुर ने आम का पौधा रोपण कर सहजने का संकल्प लिया।

## एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने किया पौधरोपण

**बालोद/अर्जुन्दा।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय व छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित एक पेड़ मां के नाम पर शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया।

इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और मातृ शक्ति के प्रति सम्मान व्यक्त करना था। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता ने कहा कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करता है, बल्कि यह हमारे भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन ने बताया कि यह पहल युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक इस अभियान के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता, डॉ. अरुणा साव, त्रिदेव ठाकुर, महेश पाटिल, सचिन यादव, कुंती बाई स्वयंसेवक उपस्थित थे व बड़ी संख्या में छात्रें और शिक्षकों ने भाग लिया और पौधरोपण में सक्रिय योगदान दिया।



### गलत आरोप लगाने वाले पर हो एफआईआर

**दुर्ग।** वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन पर अपनी आलोचना के लिए सोशल मीडिया में पोस्ट डालने के लिए एक व्यक्ति को किराए पर रखने और उसे भुगतान नहीं करने के मामले में भाजपा ने पुलिस अधीक्षक से मामले में जांच कर अपराध दर्ज करने की मांग की है। भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। शिकायत में कहा गया कि युवक अली हुसैन सिद्धिकी पर अपराध पंजीबद्ध किया जाए। उसने अनर्गल और झूठे आरोप वैशालीनगर विधायक पर लगाए हैं। ऐसा कोई भी नियुक्ति नहीं की गई थी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### भूमिगत जल स्तर की कमी को रोकने का प्रयास

# भूजल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड मे भू जल स्तर बढ़ाने प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। पंचायतों के साथ निजी संस्थाओं, ग्रामीणों की भी सहभागिता सुनिश्चित करने अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा 24 अप्रैल को पंचायतीराज दिवस पर मोर गांव मोर पानी महा अभियान का शुभांरभ किया गया है। इस अभियान के तहत जनभागीदारी के साथ भूजल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ग्रामों में बारिश में व्यर्थ बह जाने वाले पानी को छोटी छोटी पहल से कैसे हम लगातार भुमिगत जल स्तर को बढ़ा कर भूमिगत जल स्तर की कमी को रोकने का प्रयास कर सकते है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण मे अपनी सहभागिता दे सकते है। इस पर कार्यशाला आयोजित किया जा रहा है। महाअभियान के तहत ग्रामीणों में जागरूकता फैलाने के लिए जनपद पंचायत गुरूर के 77 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम संगठन समिति, जनप्रतिनिधियों एवं जल वाहिनी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अलग–अलग कलस्टर में कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में गुरूर ब्लाक के 77 ग्राम पंचायत को चार कलस्टर मे विभक्त कर 77 ग्राम पंचायत के 385 प्रशिक्षार्थियो को शासन द्वारा प्राप्त मार्गदर्शिका का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया, जो कि अपने कार्यक्षेत्र व ग्राम पंचायत में पानी के महत्व संरक्षण जागरूकता अभियान को सफल बनाने के अपना योगदान देंगे। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर से जल संरक्षण का कार्य कर सकता है। प्रत्येक घर में घर की छत से निकलने वाले बरसात के पानी को घर के आंगन मे सोखपीट बनाकर, जहां बरसात के पानी की धार बहती हो, वहां बड़ा सोखपीट बनाकर बारिश के पानी को भूमि के अंदर डाल सकते है। खेतों के ट्युबवेल से पानी जमीन के अंदर कैसे डाला जा सकता है, सहित अन्य तरीके बताए गए। सभी कार्य जन भागीदारी से की जाएगी, इसमे प्रशासन का तकनीकी सहयोग रहेगा।



प्रशिक्षण की शुरूवात मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे द्वारा सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं अन्य सभी को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ ग्रहण करते हुए किया गया। प्रशिक्षण में अति. सीईओ आरएल सिरमौर, मास्टर ट्रेनर, एनके, बागडें, मनरेगा अधिकारी प्रतिज्ञा चंद्राकर, विमल कुमार, तकनीकी सहायक भुनेश्वर प्रसाद एवं पीआरपी बिहान उपस्थित थे।

